# मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का कलेक्ट्रेट पर सख्त निरीक्षण

## पुराने राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण व वसूली में तेजी के कड़े निर्देश







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मुरादाबाद मण्डल के मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के साथ कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण, बकाया वसूली में तेजी तथा कार्यालयी व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी व व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 43.10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए कलेक्ट्रेट गेट का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि इससे कलेक्ट्रेट परिसर की व्यवस्था और आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी।

### रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 43.10 लाख की लागत से बनने वाले नए कलेक्ट्रेट गेट का किया शिलान्यास

मण्डलायुक्त ने मिनी कमांड सेंटर का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था देखी और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। एआईजी स्टाम्प कार्यालय में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए पांच वर्ष से अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी न्यायालय में धारा 30, धारा 12 और सीलबंद रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। साथ ही धारा 24 और 67 के मामलों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। शस्त्र अनुभाग में गार्ड फाइल का निरीक्षण करते हुए अनुपालन आख्या तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। नजारत कक्ष में आय-व्यय रजिस्टर व्यवस्थित रखने तथा जीपीएफ पासबुक पर संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं ईआरके कक्ष में पत्रावलियों की अंतिम वीडिंग प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए इसकी तिथि सूचना पट पर अंकित करने के निर्देश दिए गए। अभिलेखागार में राजस्व अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने और बस्तों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में नमूना रजिस्टर की जांच के दौरान पिछले माह 16 नमूने लिए जाने की जानकारी मिलने पर मण्डलायुक्त ने छापेमारी अभियान तेज करने और अधिक नमूने लेने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन कक्ष में समीक्षा करते हुए सभी ग्राम प्रधानों के मोबाइल नंबर संकलित करने तथा प्रत्येक गांव के लिए अलग आपातकालीन योजना तैयार करने को कहा गया। एसीआर अनुभाग में बड़े बकायेदारों से वसूली की स्थिति की समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में उपजिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर पांच वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों (धारा 33, 34) के शीघ्र निस्तारण और एआईएस कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट सलिकराम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू (अराजनैतिक) का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, ९ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## मांगें पूरी न होने पर 17 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में आयोजित हुई। पंचायत के बाद किसानों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि इस समय किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। संगठन लगातार ज्ञापनों के माध्यम से अधिकारियों को किसानों की समस्याओं से अवगत करा रहा है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि आज दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं हुई तो 17 अप्रैल से कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिले की कई नहरें वर्षों से बंद पड़ी हैं, जिनमें बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद तक स्वार तहसील की राजनगर नहर भी शामिल है। इसके चलते चांदपुरा जदीद, घोमरी, गुलामगंज, रुस्तमपुर, गदईया और हरसुनगला समेत कई गांवों के हजारों किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं। इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। भाकियू नेताओं ने स्वास्थ्य विभाग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में अवैध नर्सिंग होम और अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जहां आए दिन महिलाओं की मौत की खबरें सामने आती हैं। कार्रवाई के बाद भी कई नर्सिंग होम नए नाम से फिर शुरू हो जाते हैं। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग ऐसे अवैध अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि वहां मरीजों की समुचित देखभाल नहीं हो रही और कई डॉक्टर रात में ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते। अस्पताल में कुछ तथाकथित दलाल सक्रिय हैं, जो शिकायत करने वालों को धमकाते हैं। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को समय से बिजली नहीं मिल रही, जबकि किसान देश की रीढ़ की हड्डी है और खेती के लिए नियमित बिजली आपूर्ति बेहद जरूरी है। साथ ही खतौनी में नामों की मामूली त्रुटियों को भी सुधारा नहीं जा रहा, जिससे किसानों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्राम सचिवालयों में शिविर लगाकर जमीन के बंटवारे और खतौनी सुधार की प्रक्रिया तत्काल पूरी कराई जाए।

इस दौरान सरदार अवतार सिंह, सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खां, शहीद खां, रामपाल पटेल, चौ. राजपाल, सरदार दुरमंद सिंह, डॉ. नीरज कुमार, फूल सिंह गंगवार, अनिल बघेल, नरेश गंगवार, राजपाल शर्मा, अनोखे लाल, फाजिल अंसारी, समीर खां, जुनैद खां, विजय पाल कश्यप, रामनाथ मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया उपनिरीक्षक, एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई

## 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए मुरादाबाद मंडल की टीम ने किया गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक उपनिरीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद मंडल की भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने मंगलवार को यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार थाना अजीमनगर क्षेत्र के ग्राम सिंगनखेड़ा निवासी यशवीर सिंह की शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद मंडल की टीम ने जाल बिछाया। आरोप है कि उपनिरीक्षक ओंकार नाथ ने शिकायतकर्ता से उसके पक्ष में रिपोर्ट लगाने और मामले के निस्तारण के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने स्वार थाना क्षेत्र में स्थित मिशन शक्ति केंद्र के कमरे में कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक ओंकार नाथ को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि आरोपी उपनिरीक्षक की नियुक्ति 24 दिसंबर 1991 को हुई थी और वर्तमान में वह थाना अजीमनगर क्षेत्र में तैनात था। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई थाना अजीमनगर में की जा रही है। टीम ने मामले में शिकायतकर्ता के बयान, दस्तावेज और बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग समेत अन्य साक्ष्य भी एकत्र किए हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन टीम का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित, युवाओं और महिलाओं को मिली अहम जिम्मेदारी









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव के समन्वय से संगठन और मजबूत होगा। इस बार कार्यकारिणी में महिलाओं और युवाओं को भी प्रमुख स्थान दिया गया है।

जिलाध्यक्ष ने कुंवर बहादुर राजप. ूत, विकास दीक्षित, सुनील मौर्य, संतोष सिंह खैरा, विवेक रूहेला, करतार सिंह लोधी, पारूल अग्रवाल और प्रदीप गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। जबकि जगपाल सिंह यादव, रविंद्र सिंह रवि और अर्जुन रस्तोगी को जिला महामंत्री बनाया गया है।

इसके अलावा श्वेता शर्मा, श्रेया मदान, गंगादेवी दिवाकर, अमृता रंधावा, श्यामल मिर्धा, पवन विश्वकर्मा, पंकज सैनी और दीपक गुप्ता को जिला मंत्री तथा ओमप्रकाश लोधी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी कार्यालय राम विहार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी और जिला प्रभारी राजा वर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला और पटका पहनाकर स्वागत किया।

पीयूष व पूजा समेत पांच बने नामित सभासद रामपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बताया कि रामपुर नगर पालिका में पीयूष श्रीमाली, पूजा शर्मा, विवेक विश्नोई, मुकेश आर्य और अजय अरोड़ा को नामित सभासद बनाया गया है। पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सभी नामित सभासदों का भी स्वागत किया।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन कार्यकर्ताओं को नामित है सभासद बनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन कार्यकर्ताओं को नामित सभासद बनाया गया है। नामित सभासदों में वार्ड मंगोली के विनीत कुमार समेत नगर के अमित चंद्रवंशी और अर्पित कुमार शामिल हैं। तीनों कार्यकर्ताओं को सभासद नामित होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बताया गया कि पार्टी नेतृत्व ने संगठन के प्रति सक्रियता और जनसेवा में योगदान को देखते हुए इन तीनों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। नामित सभासदों ने कहा कि वह नगर के विकास कार्यों को गति देने और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई कि नए नामित सभासद नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

# अनियंत्रित होकर बाइक फिसली युवक गंभीर रूप से घायल,रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** मंगलवार को अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार जिला संभल के गुरसरी गांव निवासी महेंद्र किसी जरूरी काम से शाहबाद आ रहा था। शाहबाद चंदौसी मार्ग पर महेंद्र की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और बाइक सवार महेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टरो द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार दिया और हालात को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# मस्जिद आयशा में 27 वी तरबीह को मुकम्मल हुआ कुरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद।** शहर के आंवला चौराहे स्थित मस्जिद आयशा में सोमवार देर रात कुरान मुकम्मल हुआ। मस्जिद में हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान सुनाया और मुफ्ती फराज ने कुरान सुना। कुरान ए पाक मुक्कमल के मौके पर मौलाना राफे ने कुरान की तिलावत ओर इस्लाम की तालिम पर रोशनी डाली। वहीं मेहमान ए खुसूसी के तौर पर शामिल हुए मुफ्ती साकिब ने रोजे की फजीलत और रमजान में सदका और फित्रा देने के बारे में लोगों को बताया। इस दौरान मुफ्ती साकिब ने मुल्क में अमन चौन और खुशहाली के लिए दुआएं भी कराई। मस्जिद कमेटी के लोगों में साजिद मियां,सरताज मियां, खालिद मियां, भूरा मास्टर, फारुख, अजीम मियां, इरफान मियां, सरताज खान, कारी फैजान,शाजमान आर्यन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर की चांद मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल नमाजियों से इबादत के रास्ते को अपनाने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर की चांद मस्जिद में अट्ठाइस वी तरावीह मे सोमवार की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया और कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलेमा ने लोगों को रमजान का महत्व समझाया और कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है और गुनाहों से तौबा करने का महीना है नगर की चांद मस्जिद में सोमवार की शाम नमाज ए तरावीह में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। नमाज तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत मुफ्ती खुर्शीद आलम ने की जबकि सामा के फराइज हाफिज मोहम्मद जाकिर ने पूरे किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिजो को उपहार भेंट किए। इस दौरान चादं मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवा. जता है। और इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है यह महीना तोबा और गुनाहों से बचने का है सभी को रोजा और नमाज की पाबंदी कर गुनाहों से तोबा करनी चाहिए ओलमाओ के बयान के बाद शीरनी वितरण कर मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मोहम्मद फारूक वकील, मोहम्मद जाकिर, समशुद्दीन,निजामुद्दीन, मोहम्मद आरिफ, शकील अहमद, मोहम्मद शाहिद, जमील अहमद मास्टर, मोहम्मद इकबाल अंसारी, मोहम्मद हसन मालिक, सभासद मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद नूर, मोहम्मद हारून, साबिर मिया सहित सेकडो नमाजी मौजूद रहे।

# मदीना मस्जिद में मुकम्मल हुआ कलाम ए पाक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुजिश्ता शब् करीमपुर गर्बी की मदीना मस्जिद में नमाजे तरावीह के दौरान कुरान पाक मुकम्मल हुआ यहां पर मस्जिद के खतीबो इमाम मौलाना अब्दुल बासित नूरी वल्द मरहूम नाहिद हुसैन ने कुरान सुनाया जबकि सुनने की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद अयान ने अदा करी इस मौके पर मौलाना अब्दुल बासित नूरी ने बयान करते हुए बताया कि कुरान अल्लाह का कलाम है अल्लाह ताला ने इसको पढ़ने के लिए आसान बना दिया इसीलिए यह सीनों में महफूज हो जाता है एक छोटा सा बच्चा भी इसको याद कर लेता है मौलाना साहब ने बताया कि रमजान का महीना बड़ी बरकतों वाला महीना है। इस माहे मुबा. रक में गरीबों यतीमो का जरूर ख्याल रखें उन्हें कपड़े बना कर दें और उनका हर तरीके से ख्याल रखें और साथ-साथ यह भी कहा कि कुरान की अजमत को समझे उसका अदब और एहतराम करें और फिर मुल्कों मिल्लत के अमान के लिए दुआ कराई

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ग्राम प्रधान रिजवान हुसैन हकीम शमशाद रजा फिरासत अली अख्तर अली अफसर अली साबिर प्रधान कारी अली हुसैन कारी कदीर कारी बारिस हाफिज हाफिज वसीम रुखशाद डॉक्टर शहाब शोएब अली मोहम्मद काशिफ हाशिम फरमान आमिर हुसैन अमजद अली आदि मौजूद रहे-

# भूबरा मस्जिद मे कुरान हुआ मुकम्मल हाफिजों की गई गुलपोशी, इनाम मे उमरा का पेकेज दिया गया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी ।** मोहल्ला भूबरा नगर पंचायत मसवासी स्थित जामा मस्जिद मे रमजान के मुबारक महीने मे तरावीह की नमाज के दोरान कुरान मुकम्मल हो गया मोलना कमर रजा द्वारा कुरान सुनाया जिसके बाद दुआए की गई मोलना कमर ने मस्जिद मे लोगो को खिताव करते हुए कहा रमजान के पाक महीने मे अपनी जुवान,नजर ओर कानो को पाक रखे नमाज और कुरआन की तिलावत मे जहन लगाये इस्तग्फार मांगे ओर बुरी सोहबत से दूर रहे ओर अपने मुल्क के लिय दुआए मांगी एव मस्जिद कमेटी सदर मोहम्मद अकरम व बस्ती ओर कमेटी सदस्यो ने उमरा पेकेज व इनाम से नवाजा जिसमे हाजी लियाकत हुसैन, मोहम्मद अहमद मुल्लाजी, मो नवी हाजी , अब्दुल हसन, इकरार अहमद , महबूब अली, आरिफ, इस्लाम, सलीम, शकील, दिलशाद, रिजबान इरशाद एव बस्ती बाले मोजूद रहे-

# मुरादाबाद के सपा नेता पर दर्ज मुकदमा निरस्त हो

## बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मुरादाबाद के सपा के वरिष्ठ नेता यूसुफ मलिक पर गंज कोतवाली में दर्ज मुकदमें के विरोध में सपा कार्यकर्ता और पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्ठ्यू भी उतर आए हैं। उन्होंने इस मुक. दमें को गलत बताया है। उनका कहना है कि यूसुफ मलिक ने इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच हो रहे युद्ध में हुई बेटियों की हत्या के विरोध में बयान देकर शोक व्यक्त किया था। लिहाजा मुकदमा वापस लिया जाए। मुरादाबाद के जिगर कालोनी निवासी सपा नेता यूसुफ मलिक पर गंज कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उपनिरीक्षक का कहना था कि मीडिया के माध्यम से यूसुफ मलिक के एक बयान की जानकारी हुई है। जिसमें उन्होंने आजम खां का हवाला देते हुए कहा कि उनका संदेश है कि ईद के मौके पर मुस्लिम समाज के लोग काले कपड़े पहनें और हाथों पर काली पट्ट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करें। उप निरीक्षक के अनुसार यह बयान देने के वक्त उनका दावा था कि वह जेल में बंद आजम खां से मुलाकात करके लौटे हैं। यूसुफ मलिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसके विरोध में सपा नेता व पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्ठ्यू उतर आए हैं। उन्होंने इस रिपोर्ट को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि यूसुफ मलिक ने इजराइल, ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध में बेटियों की हत्याओं के विरोध में दुख व्यक्त किया था। बेटी किसी भी देश को वह बेटी ही होती है। उसकी सुरक्षा की जिम्मेदार हम सभी की होती है। इसी कारण उन्होंने दुख जताते हुए अपना बयान दिया था। इस बयान से देश की सुरक्षा या फिर कानून व्यवस्था को कोई खतरा नहीं हैं। इस संबंध में पूर्व बार अध्यक्ष ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर रिपोर्ट निरस्त कराने की मांग की है।

# चेयरमैन मोहन लाल सैनी बोले-डिजिटल साक्षरता से ही सुरक्षित होगा ग्रामीण बैंकिंग तंत्र






शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** नाबार्ड के सौजन्य से रामपुर जिला सहकारी बैंक शाखा काशीपुर द्वारा ग्राम खण्डिया और बगरव्वा में वित्तीय डिजिटल साक्षरता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में डिजिटल बैंकिंग को समझना और सुरक्षित तरीके से उपयोग करना बेहद जरूरी है। इससे न सिर्फ लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा, बल्कि आर्थिक लेनदेन भी सुरक्षित रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान जादूगर ने जादू के रोचक माध्यम से ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित वित्तीय लेनदेन, डिजिटल बैंकिंग और बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अनोखे तरीके से लोगों को बैंकिंग के प्रति जागरूक किया गया, जिसे ग्रामीणों ने काफी रुचि के साथ देखा और सराहा। चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीणों को मजबूत आर्थिक आधार देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को डिजिटल भुगतान, बैंक खातों के सुरक्षित उपयोग और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश से सतर्क रहने की सलाह दी। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें बैंकिंग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली।

# रामपुर के माटखेड़ा में फिर आतंकी गिरफ्तारी, पंजाब से पकड़ा किशोर

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर। जिले के माटखेड़ा क्षेत्र का नाम फिर से आतंकी गतिविधियों में जुड़ गया है। दिल्ली पुलिस ने 11 मार्च को पंजाब से एक किशोर को गिरफ्तार किया, जिस पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। किशोर पंजाब में कैटरिंग का काम करता था। दिल्ली पुलिस उसे लेकर माटखेड़ा आई और स्थानीय स्वजनों से पूछताछ के बाद वापस चली गई।

पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कहा कि टीम ने स्थानीय पुलिस से कोई सहयोग नहीं लिया और इसकी जानकारी भी साझा नहीं की। रामपुर में इससे पहले भी कई युवक आतंकी गतिविधियों में पकड़े जा चुके हैं।

इसमें टांडा तहसील के निवासी अनस और शहजाद भी शामिल हैं, जिन पर पाकिस्तान के हैंडलर्स को भारत की जानकारी भेजने व जासूसी करने का आरोप था। 28 सितंबर 2025 को कासिम अली को गिरफ्तार किया गया था, जिस पर कट्टरपंथी पाकिस्तानी संगठनों से प्रभावित होकर भारत में हिंसात्मक जिहाद चलाने का आरोप था।

रामपुर जिले में आतंकी गतिविधियों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता बढ़ी है।

मुख्य बिंदु:

किशोर को पंजाब से गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस को जानकारी नहीं दी।

रामपुर में पहले भी कई युवा आतंकी गतिविधियों में पकड़े जा चुके हैं।

टांडा तहसील के निवासी भी संदेह के घेरे में रहे हैं।

गिरफ्तार किशोर पंजाब में कैटरिंग का काम करता था।

सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता बढ़ी है।

# खांची वाली मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल, मुल्क के लिए पढ़ी दुआ

शाह टाइम्स संवाददाता



**शाहबाद।** मोहल्ला अफगानान स्थित खांची वाली मस्जिद में 27वीं तरावीह पर कुरान-ए-पाक मुकम्मल किया गया।इस अवसर पर कारी शहजाद ने कुरान पढ़कर सुनाया, जबकि हाफिज फरमान ने कुरान शरीफ सुना।कुरान मुकम्मल होने के बाद कारी शहजाद ने दीन की दावत दी। उन्होंने लोगों को नमाज और रोजों की फजीलतों बयान की ओर आल्हा और उसके रसूल मोहम्मद मुस्तफा की सुन्नतों पर चलने की दावत दी। और मुल्क में शांति अमन के लिए दुआ की मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने कारी शहजाद और हाफिज फरमान को फूल-माला पहनाकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर मीनू खान, जाबिर खान, मजीद खान, मोहसिन खान, इमरान खान, शेरा खान और राजू मियां सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लाइन वाली मस्जिद ज्वाला नगर रामपुर में 27वीं तरावीह में कुरान मुकम्मल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर:** लाइन वाली मस्जिद, ज्वाला नगर में आज 27वीं तरावीह में कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। इस पवित्र अवसर पर हजरत हाफिज व कारी मौलाना मोहम्मद रिजवान इरशादी साहब ने कुरान पाक पढ़ा और हाफिज व कारी मोहम्मद मोहसिन राजा ने कुरान पाक समात किया।



इस मौके पर हजरत मुफ्ती लईक अहमद रजवी साहब, जो मस्जिद के खघ्तीब और इमाम हैं, ने कुरान पाक की फजीलत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोगों को कुरान पाक के निर्देशों पर अमल करते हुए अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए ताकि दीन और दुनिया दोनों में सफलता अल्लाह पाक की कृपा से हासिल हो। समापन पर दुआ भी की गई, जिसमें मुल्क और मिल्लत की सलामती के लिए विशेष रूप से प्रार्थना की गई। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर मोहम्मद हनीफ, नईम अहमद शरली, मोहम्मद युसुफ, नवाब दूल्हा रखके, हाजी शकतात हाजी शाकिर, राशिद आली, नासिर अली, हाजी, रियाज साहब, अब्दुल अजीम खान, सलीम खाँ, खुर्शीद अहमद आदि मौजूद थे।

# मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कोयला चौपाल में परखी व्यवस्थाएं, शिक्षा-टीकाकरण पर जोर





शाह टाइम्स संवाददाता

**चमरव्वा।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने विकास खण्ड चमरव्वा के ग्राम पंचायत कोयला में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जननी सुरक्षा योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी ली और उनके क्रियान्वयन पर जोर दिया।

मण्डलायुक्त ने बच्चों की शिक्षा और टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया और अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खिलौनों और मिट्टी के बर्तनों के माध्यम से रचनात्मक ज्ञान भी दिया जाए।

स्वास्थ्य समीक्षा में पाया गया कि गांव में 6 टीबी मरीज हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है, सरकारी अस्पतालों में दवा नि:शुल्क उपलब्ध है और खान-पान पर विशेष ध्यान रखें। समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के 81 लंबित आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पंचायत सहायक पद की भर्ती, समय से राशन वितरण और गांव की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। विद्युत विभाग द्वारा अधिक बिल आने की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया। मनरेगा के तहत 651 आईडी में से 20 आईडी लिंक न होने पर उन्हें शीघ्र लिंक कराने के आदेश दिए गए। साथ ही फैमिली आईडी से लोगों को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए। मण्डलायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में शामिल लाभार्थियों के नाम ग्रामीणों को पढ़कर सुनाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण हासिल कर रहे आरक्षियों की अन्त: विषय की परीक्षा शुरू

## 25 मार्च तक चलेगी परीक्षा, एसपी ने दौरा कर दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण हासिल कर रहे आरक्षियों की आज से परीक्षाएं शुरू हो गई। मंगलवार की सुबह आठ बजे से अन्त: विषय की परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन पुलिस का इतिहास, पुलिस संगठन, अर्न्तविभागीय समन्वय, पुलिस की कार्यप्रणाली व अनुशासन से संबिधत सवाल पेपर में आए। एसपी व एएसपी ने परीक्षा का निरीक्षण कर कक्ष निरीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाहियों का प्रशिक्षण अब 9 महीने का होता है। इस प्रशिक्षण में 1 महीने की प्रारंभिक ट्रेनिंग सभी जिलों में और शेष 8 महीने की ट्रेनिंग अन्य केंद्रों पर आयोजित की जाती है, जिसमें शारीरिक फिटनेस, हथियारों का प्रयोग और कानूनी जानक. ारी दी जाती है। पुलिस भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद जून में रिक्रट्स प्रशिक्षण के लिए आना शुरू हो गए थे। पहले चरण में कुल रामपुर में प्रशिक्षण के लिए कुल 359 अभ्यर्थियों का आवंटन हुआ था। जिसमें मुजफ्फरनगर से 202 पुरूष, शामली से 85 पुरूष एवं जनपद सहारनपुर से 72 महिला रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण हासिल कने आए थे। लंबे समय तक चले प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को पुलिस की बारिकियां सिखाने के साथ ही उनका शारीरिक विकास कराया गया। साथ ही हथियारों के संबंध में जानकारी दी गई। हर शुक्रवार व मंगलवार को एसपी विद्यासागर मिश्र व एएसपी अनुराग सिंह ने परेड का निरीक्षण करने के साथ ही रिक्रूट्स की दक्षता चेक की और उनको जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अलावा रिक्रूट्स को मिशन शक्ति के तहत सामाजिक गतिविधियों में बढ़ावा देने का भी प्रयास किया गया।

**25 मार्च तक चलेगी इनडोर परीक्षा**

प्रशिक्षण का समय पूरा होने के बाद आज से सभी की इनडोर परीक्षा शुरू हो गई। इसको लेकर सोमवार को एसपी विद्यासागर मिश्र ने पुलिस लाइन में बैठक कर कक्ष निरीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए थे। स्कीम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया था कि मंगलवार को पुलिस का इतिहास, पुलिस संगठन, अर्न्तविभागीय समन्वय, पुलिस की कार्यप्रणाली और अनुशासन से संबंधित प्रश्नों का पेपर है। 18 मार्च को अपराध शास्त्र एवं अपराध नियंत्रण, विवेचना, अभियोजन और पुलिस रेगुलेशन के प्रश्न आएंगे। इसी तरह विविध विज्ञान, कंप्यूटर साइंस एवं साइबर क्राइम आदि विषयों से संबंधित परीक्षा होगी। परीक्षा सुबह आठ बजे से शुरू होगी। इसी के तहत मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शुरू हो गई। एसपी व एएसपी ने निरीक्षण कर कक्ष निरीक्षकों को दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की उपस्थिति, अनुशासन एवं परीक्षा कक्ष की व्यवस्थाओं की भी जांच की गई। साथ ही निर्देश दिए कि परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता न बरती जाए। वहीं परीक्षा शुरू होने से पहले एएसपी ने अभ्यर्थियों से संवाद कर उनकी हौसला आफजाई की।

# रामपुर नगर पालिका में नामित सभासद बने पीयूष

## विधायक आकाश सक्सेना ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



रामपुर। रामपुर नगर पालिका में पीयूष श्रीमाली को नामित सभासद बनाए जाने पर खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने उन्हें माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में नए सभासद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीयूष श्रीमाली जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए नगर हित में सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। वहीं नामित सभासद पीयूष श्रीमाली ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे नगर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# प्लाट की दीवार तोड़ने का विरोध करने पर महिला को पीटा

## रंजिशन पहले भी तोड़ चुके हैं दीवार, पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** प्लॉट को लेकर चली आ रही रंजिश में कुछ लोगों ने उसकी दीवार तोड़ दी। पहले भी वह लोग दीवार तोड़ चुके हैं। जानकारी होने पर प्लाट स्वामी ने कोतवाली में तहरीर दी तो वह लोग फिर बची हुई दीवारें तोड़ने पहुंच गए। जानक. ारी होने पर मौके पर पहुंची महिला ने विरोध किया तो उस पर जानलेवा हमला कर दिया। लोहे की राड मारकर उसे घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर क्षेत्रीय लोगों ने महिला को बचाया। इसके बाद पीड़िता ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शहर कोतवाली के कोठी खयाबान स्टेट बैंक के पीछे की निवासी तारिक अजहर की पत्नी सनम खान का कहना है कि उसने कुछ माह पहले एक प्लाट लिया था। जिस कारण मोहल्ले के ही बिलाल आगा और सफदर आगा आदि रंजिश मानने लगे। करीब पांच माह पहले उन्होंने प्लाट की दीवारें तोड़ दी थी। सनम खान के अनुसार उसने इसकी शिकायत पुलिस से की तो वह और भी खुन्नस मानने लगे। पिछले दिनों वह लोग कुछ लोगों के साथ पहुंचे और प्लाट की दीवार तोड़ने लगे। जानकारी होने पर सनम खां ने मौके पर जाकर विरोध किया तो सभी हमलावर हो गए। आरोप है कि सभी ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और सिर पर लोहे की राड से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। शोर-शराबा होने पर मोहल्ले के कुछ लोगों ने बीच-बचाव कराया। इसके बाद सनम ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी और एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली में सफदर आगा, बिलाल आगा, लखनऊ निवासी मोहम्मद सादिक व छह अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**काम से लौट रहे युवक को जबरन ले गए बाइक सवार, पीटा**

रामपुर। सिविल लाइंस क्षेत्र में काम से लौट रहे युवक को कुछ बाइक सवार जबरन अपने साथ शहजादनगर क्षेत्र में ले गए। जहां पर उन्होंने युवक के साथ मारपीट और पैसे छीन लिए। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचा और मामले की जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है।

मुरादाबाद जिले के मूढापांडे थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी अब्दुल कादिर का कहना है कि वह मेहनत-मजदूरी करता है। वह अपने काम से सिविल लाइंस क्षेत्र के ग्राम शादी की मढ़ैया में आया था। काम निपटाने के बाद वह वापस जा रहा था कि तभी रामपुर बाईपास पुल के नीचे टांडा थाना क्षेत्र के नसीमगंज निवासी जीशान, हारून और फैजान मिले। आरोप है कि सभी ने उसे रोक लिया और रंजिशन गालियां बकने लगे। विरोध करने पर जबरन उसे बाइक में बैठाकर शहजादनगर थाना क्षेत्र में कहीं पर ले गए। जहां पर सभी ने उसके साथ मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पूरे मामले की जानकारी सिविल लाइंस पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है।

# मनरेगा मजदूरों का भुगतान रुका, कांग्रेस का प्रदर्शन

## एक सप्ताह में आंदोलन की चेतावनी




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजकर एक सप्ताह के भीतर मजदूरों का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जनपद सहित पूरे प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को पिछले 75 दिनों से मजदूरी नहीं मिली है, जबकि नियमानुसार मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने इस देरी को सरकार और प्रशासन की लापरवाही करार दिया।

ज्ञापन में मांग की गई कि मजदूरी भुगतान में हुई देरी के कारण मजदूरों को विलंब मुआवजा भी दिया जाए। साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों और संविदा कर्मियों के मानदेय का मुद्दा भी उठाया गया, जिन्हें पिछले आठ महीनों से भुगतान नहीं मिला है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि सरकार गरीब मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। वहीं वरिष्ठ नेता संजय कपूर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। शहर अध्यक्ष बाकर अली खान ने कहा कि भुगतान में देरी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है और मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की।

# ब्रजेश कुमार जोशी भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य मनोनीत, समर्थकों में भारी उत्साह

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी। भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार और मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति एवं जिलाध्यक्ष रामपुर हरीश गंगवार के नेतृत्व में नगर के सक्रिय नेता ब्रिजेश कुमार जोशी को जिला कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया गया है, इस घोषणा के बाद से ही क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और शाम से ही सोशल मीडिया फोन कॉल के माध्यम से बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया ब्रिजेश कुमार जोशी के मनोनयन की खबर मिलते ही उनके आवास पर कार्यकर्ताओं का तांता लग गया और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की।इस अवसर पर केवल ब्रजेश जोशी ही नहीं बल्कि पार्टी द्वारा मनोनीत नगर पंचायत सभासद पंडित नरेश कुमार शर्मा और विनोद राजपूत का भी समर्थकों द्वारा पार्टी का पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएंगे और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएंगे।इस दौरान पंडित विवेक वशिष्ठ,धर्मपाल सिंह लोधी, फौजी सुशील कुमार जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऊर्जा भवन में उपभोक्ताओं की समस्याओं पर सीधा संवाद

- संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत जन सुनवाई का आयोजन
- प्राप्त 38 शिकायतें में से कई का मौके पर किया निस्तारण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत ऊर्जा भवन में आयोजित हुई जन-सुनवाई मे उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं एवं विभाग के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना रहा।

जन-सुनवाई की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) द्वारा की गई जिसमें मेरठ सहित आस-पास के विभिन्न जनपदों से आए उपभोक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान विलिंग, मीटर, पीडी एवं नये संयोजन से संबंधित कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई, प्राप्त शिकायतों में से कई का मौके पर ही समाधान कर, उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की गई जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर विशेष बल दिया की सभी शिकायतों का निस्तारण, पारदर्शी एवं वाबदेही तरीके से किया जाए, साथ ही लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जन-सुनवाई एवं उपभोक्ता सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिससे समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित हो सके। जन-सुनवाई के अवसर पर डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों निदेशक संजय जैन (वाणिज्य), स्वतंत्रा कुमार तोमर (वित्त) मुख्य अभियंता देवेन्द्र चन्द्र वर्मा, अशोक सुंदरम, पी.के. सिंह, मौ. सगीर, मुनीश चोपड़ा, गुरजीत सिंह की सक्रिय भागीदारी रही। इसके अतिरिक्त अनुराग भल्ला, अभिषेक सिंह, मौ. अरशद (अधीक्षण अभियंता), सोनम सिंह स्टाफ ऑफिसर, प्रशांत सोनी, सौरभ मंगला, महेश कुमार, नवी सिंह संजीव गुप्ता एवं अन्य अधिशासी अभियंताओं ने भी जन सुनवाई में सक्रिय योगदान दिया।

# सुभारती विश्वविद्यालय के छात्र पचमढ़ी में लीडरशिप एडवेंचर कैंप के लिए हुए रवाना



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सहयोग से पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में लीडरशिप एडवेंचर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क एवं साहसिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें आउटडोर शिक्षा का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक दल उत्साहपूर्वक इस कैंप में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय परिसर से पचमढ़ी के लिए रवाना हुआ। यह दल कुलपति, सीईओ मैम तथा शिक्षा संकाय के डीन के आशीर्वाद से प्रस्थान किया। कैंप के दौरान प्रतिभागी ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, प्रकृति अध्ययन, सर्वाइवल स्किल्स प्रशिक्षण एवं टीम-बिल्डिंग जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेंगे।

इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता तथा नेतृत्व कौशल का विकास होगा। पचमढ़ी, जिसे 'सतपुड़ा की रानी' के नाम से जाना जाता है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़ियों एवं घने जंगलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां का प्राकृतिक वातावरण साहसिक गतिविधियों एवं नेतृत्व प्रशिक्षण के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। इस कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ जुड़ने, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने तथा आउटडोर शिक्षा का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कैंप के दौरान विभाग के शिक्षक विद्यार्थियों के साथ रहकर उनका मार्गदर्शन करेंगे तथा सभी गति. विधियों में सुरक्षा एवं अनुशासन सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना एवं जिम्मेदारी का विकास करना है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हो सके।

